गोरखपुर-फैजाबाद शिक्षक निर्वाचन :देवरिया में मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न, पड़े 80.53 प्रतिशत वोट

देवरिया। गोरखपुर-फैजाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए शुक्रवार को जिले भर में मतदान शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न हो गया। लोकतंत्र के इस पर्व में शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिसके चलते जनपद में कुल 80.53 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए प्रशासनिक और पुलिस अमला दिनभर मुस्तैद रहा। निर्वाचन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी और पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने संयुक्त रूप से छह विकास खंडों में बने मतदान केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने बैतालपुर, बरहज, भलुअनी, देवरिया सदर, रुद्रपुर और गौरीबाजार विकास खंडों के बूथों पर पहुंचकर सुरक्षा प्रबंधों, मतदान व्यवस्थाओं और प्रक्रिया के सुचारु संचालन का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मतदान कर्मियों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान में पारदर्शिता और निष्पक्षता से कोई समझौता नहीं होगा तथा मतदाताओं को वोट डालने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। वहीं पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए तैनात पुलिस बल को पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुरक्षा में किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासनिक सतर्कता और कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच जिले के सभी केंद्रों पर मतदान प्रक्रिया बिना किसी व्यवधान के शांतिपूर्ण ढंग से पूरी हुई।



सुभासपा के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता राघवेंद्र राम द्विवेदी को मिली डॉक्टरेट की उपाधि

देवरिया। जिले के पथरदेवा विधानसभा क्षेत्र के रामपुर दुबे निवासी एवं सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता राघवेंद्र राम द्विवेदी को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से नवाजा गया है। उनकी इस उपलब्धि पर परिवारजनों, समर्थकों और क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। राघवेंद्र राम द्विवेदी लंबे समय से राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय हैं। पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता के रूप में वह जनहित व क्षेत्रीय समस्याओं को मुखरता से उठाने के साथ-साथ राष्ट्रीय समाचार चैनलों पर होने वाली राजनीतिक बहसों में भी अपनी बात मजबूती से रखते हैं। डॉक्टरेट की उपाधि मिलने पर उनकी पत्नी सरिता द्विवेदी, पिता सहित परिजनों, शुभचिंतकों और मित्रों ने खुशी जाहिर करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। समर्थकों ने इसे समूचे क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण बताया। अपनी इस उपलब्धि पर राघवेंद्र राम द्विवेदी ने सभी सहयोगियों व शुभचिंतकों का आभार जताते हुए कहा कि जनता का स्नेह और विश्वास ही उन्हें जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय रहने की ऊर्जा देता है। वह आगे भी समाज और जनहित की लड़ाई पूरी निष्ठा से लड़ते रहेंगे। उपाधि मिलने पर रामपुर दुबे सहित पूरे पथरदेवा क्षेत्र में बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।



युवक पर पिस्टल तानने वाला गिरफ्तार, तमंचा और चाकू बरामद

देवरिया। जिले के गौरीबाजार थाना क्षेत्र के लखनचक गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर जानलेवा हमला करने और पिस्टल तानने के मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी के पास से एक अवैध पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, चाकू और पंच बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। लखनचक गांव निवासी अजय चौहान ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 22 अक्टूबर की शाम करीब छह बजे पुरानी रंजिश को लेकर बनचरा जगदीशपुर (थाना हाटा, कुशीनगर) निवासी मुकेश चौहान (22) अपने भाई अखिलेश चौहान और साथियों सचिन, रोहित व किशन चौहान के साथ आया। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए पंच से उसकी पिटाई कर दी। इस दौरान मुकेश ने जान से मारने की नीयत से उस पर पिस्टल तान दी और शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष मृत्युंजय राय के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने देर रात करीब 8:30 बजे खैरा बनुआ मिश्र टोला के पास घेराबंदी कर मुख्य आरोपी मुकेश चौहान को दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से .32 बोर की एक अवैध पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, एक चाकू और मारपीट में इस्तेमाल किया गया पंच बरामद हुआ। थानाध्यक्ष मृत्युंजय राय ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं और आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है, वहीं मामले में संलिप्त बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह, कांस्टेबल तेजू गौड़ और प्रदीप यादव शामिल रहे।



यातायात नियमों के उल्लंघन पर पुलिस का शिकंजा, 116 वाहनों का चालान और 5 सीज

देवरिया। शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और जाम की समस्या से निपटने के लिए यातायात पुलिस ने शुक्रवार को प्रमुख चौराहों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान नियमों की अनदेखी करने वाले 116 वाहनों का चालान किया गया, जबकि गंभीर खामियां मिलने पर 5 वाहनों को सीज कर दिया गया।पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में ट्रैफिक पुलिस की टीम ने बस स्टैंड, कचहरी चौराहा और कोऑपरेटिव चौराहा सहित व्यस्त मार्गों पर अभियान चलाया। सड़कों पर बेतरतीब वाहन खड़ा कर सवारी भरने और जाम लगाने वाली बसों, ऑटो और ई-रिक्शा पर सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई की गई। इसके अलावा बस स्टैंड के पास बिना हेलमेट और तीन सवारी चलने वाले बाइक चालकों के चालान काटे गए। वहीं बिना ड्राइविंग लाइसेंस और बिना वैध फिटनेस प्रमाण पत्र के फर्राटा भर रहे ऑटो व ई-रिक्शा को मौके पर ही सीज कर दिया गया।

गर्भवती महिला से दुष्कर्म के आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज

दुदही (कुशीनगर) विशुनपुरा थाना क्षेत्र में गर्भवती महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पड़ोसी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पीड़िता के अनुसार, 20/21 अक्टूबर की रात करीब डेढ बजे उसके पति दशहरा मेला घूमने गए थे। इसी दौरान पड़ोसी युवक घर में घुस आया और अकेला पाकर महिला का मुंह दबाकर दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने उसके पेट पर लात भी मारी। इसी बीच पति के अचानक घर पहुंचने पर आरोपी भागने लगा, लेकिन दंपती ने उसे पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया।थानाध्यक्ष शनि कुमार जावला ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

16 नवंबर से जनगणना शुरू- ऑनलाइन भी दर्ज करा सकेंगे ब्योरा

देवरिया। जनपद में आगामी जनगणना की प्रक्रिया 16 नवंबर से तीन चरणों में शुरू होगी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने बताया कि पहले चरण (16 से 30 नवंबर) में नागरिक आधिकारिक पोर्टल (se.census.gov.in) पर 40 बिंदुओं पर स्वयं ऑनलाइन जानकारी दर्ज कर सकेंगे। दूसरे चरण (1 दिसंबर 2026 से 4 जनवरी 2027) में प्रगणक घर-घर जाकर सत्यापन करेंगे, जबकि तीसरे चरण (5 से 9 जनवरी 2027) में संशोधन व पुनरीक्षण का कार्य होगा। डीएम ने नागरिकों से सही जानकारी देने की अपील करते हुए सतर्क किया कि जनगणना के नाम पर किसी से भी ओटीपी, दस्तावेज या फोटो साझा न करें। दी गई सभी जानकारियां पूरी तरह गोपनीय रहेंगी।

मतदाता सूची में गड़बड़ी को लेकर कांग्रेस आक्रामक एसआईआर प्रक्रिया रद्द कराने और मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग

देवरिया। जिला कांग्रेस कार्यालय में शुक्रवार को %वोट बचाओ, देश बचाओ% अभियान के पर्यवेक्षक व पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज ने मतदाता सूचियों में कथित अनियमितताओं को लेकर चुनाव आयोग और सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की आड़ में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की जा रही है, जिससे देश के 10 करोड़ से अधिक नागरिकों के मताधिकार पर खतरा मंडरा रहा है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए अनिल भारद्वाज ने कहा कि उत्तर प्रदेश की 403 विधानसभा सीटों पर होने वाले आगामी चुनावों से पहले मतदाता सूची में अनियमितताएं चुनावी निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर के नाम पर गरीब, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक और प्रवासी मजदूरों के नाम जानबूझकर मतदाता सूची से काटे जाने की आशंका है। पीलीभीत का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि वहां मतदाता सूची में गड़बड़ी पर अधिकारियों के खिलाफ हुई कार्रवाई से साफ है कि शिकायतें कितनी गंभीर हैं। उन्होंने पीलीभीत के चारों विधानसभा क्षेत्रों—पीलीभीत, बरखेड़ा, पूरनपुर और बीसलपुर की सूचियों की गहन जांच कराने और पूरे प्रदेश में पारदर्शी सत्यापन की मांग की। कांग्रेस की तीन प्रमुख मांगें- विवादित एसआईआर प्रक्रिया को तुरंत रद्द किया जाए। मुख्य चुनाव आयुक्त तत्काल अपने पद से इस्तीफा दें।कथित रूप से हटाए गए सभी पात्र मतदाताओं के नाम दोबारा बहाल किए जाएं तथा फॉर्म-6 व फॉर्म-7 के दुरुपयोग की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई हो।भारद्वाज ने दो टूक कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों में जनता के जनादेश से किसी भी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेस %वोट बचाओ, देश बचाओ% अभियान के जरिए सड़क से लेकर संसद तक आवाज उठाएगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल %रोशन%, जिला प्रवक्ता संजीव कुमार मिश्रा तथा शहर अध्यक्ष मिर्जा खुर्शीद अहमद मुख्य रूप से मौजूद रहे।



बसडिला में पशु आरोग्य मेला- 457 पशुओं का उपचार, बांटी गई दवाएं

देवरिया। सदर विकास खंड के ग्राम बसडिला में शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सकों की टीम ने 282 बड़े और 175 छोटे कुल 457 पशुओं का उपचार कर निःशुल्क दवाएं वितरित कीं। मेले का उद्घाटन ग्राम प्रशासक प्रतिनिधि रामकेश्वर यादव और बीडीसी कपिल गोंड ने गोपूजन कर किया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. श्रीनिवास प्रसाद ने पशुपालकों को समय से टीकाकरण कराने और सेक्स-सॉर्टेड सीमन अपनाने की सलाह दी। वहीं, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. विनोद कुमार सिंह ने संतुलित आहार व चारे के महत्व को समझाया। मेले में दो पशुओं का कृत्रिम गर्भाधान भी किया गया।

बनकटा में शांतिपूर्ण रहा शिक्षकएमएलसी चुनाव, 185 मतदाताओं ने डाले

सोहनपुर, देवरिया। गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में शुक्रवार को विकास खंड बनकटा कार्यालय स्थित मतदान केंद्र पर शांतिपूर्ण माहौल में मतदान संपन्न हुआ। शिक्षक मतदाताओं ने उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान समाप्त होते ही प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटियों में बंद हो गया। अब सभी की निगाहें चुनाव परिणाम पर टिकी हैं।

221 में से 185 मतदाताओं ने किया मतदान

विकास खंड बनकटा में कुल 221 शिक्षक मतदाता पंजीकृत थे। इनमें 183 पुरुष और 38 महिला मतदाता शामिल थे। मतदान के दौरान 155 पुरुषों और 30 महिलाओं समेत कुल 185 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस तरह बनकटा मतदान केंद्र पर 83.71 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।**दोनों प्रत्याशियों के समर्थकों में दिखा उत्साह**-चुनाव के दौरान सपा समर्थित प्रत्याशी डॉ. संजयन त्रिपाठी और भाजपा समर्थित प्रत्याशी ध्रुव कुमार त्रिपाठी के समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला। दोनों प्रत्याशियों के समर्थक सुबह से ही मतदान केंद्र के बाहर अपने-अपने कैंप लगाकर मौजूद रहे और शिक्षक मतदाताओं से संपर्क करते नजर आए। चुनाव को लेकर पूरे दिन राजनीतिक सरगर्मी बनी रही।**पुलिस की मुस्तैदी में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ मतदान**-मतदान को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मतदान केंद्र पर प्रशासन की निगरानी बनी रही और पुलिसकर्मी पूरी तरह मुस्तैद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से पूरी हुई।इस संबंध में थानाध्यक्ष बनकटा दिनेश कुमार मौर्य ने बताया कि शिक्षक स्नष्ट चुनाव का मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया है। पुलिस की ओर से सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक इंतजाम किए गए थे।**अब परिणाम का इंतजार**-मतदान संपन्न होने के बाद प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की निगाहें चुनाव परिणाम पर टिक गई हैं। बनकटा में 83.71 प्रतिशत मतदान होने से चुनाव को लेकर चर्चाएं तेज हैं। हालांकि, मतदाताओं का समर्थन किस प्रत्याशी को अधिक मिला है, इसका खुलासा मतगणना के बाद ही होगा।




आजाद अधिकार सेना ने बरहज सीट से पवन तिवारी को बनाया प्रत्याशी

देवरिया। आजाद अधिकार सेना ने आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 के मद्देनजर प्रत्याशियों की घोषणा शुरू कर दी है। पार्टी ने देवरिया जनपद की 342-बरहज विधानसभा सीट से युवा नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता पवन तिवारी को अपना अधिकृत उम्मीदवार घोषित किया है। पार्टी की केंद्रीय कार्यकारिणी के अनुमोदन के बाद राष्ट्रीय महासचिव डॉ. नूतन ठाकुर ने कार्यालय ज्ञाप जारी कर पवन तिवारी की उम्मीदवारी का एलान किया। पवन तिवारी लंबे समय से सामाजिक कार्यों और जनसरोकारों से जुड़े रहे हैं। वह पार्टी के एजेंडे को लेकर जनता के बीच जाएंगे और नागरिक अधिकारों की सुरक्षा के लिए संघर्ष करेंगे। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर ने कहा कि आजाद अधिकार सेना अन्याय, अत्याचार और भ्रष्टाचार के खिलाफ संकल्प लेकर चुनाव मैदान में उतर रही है। पार्टी जनता के बुनियादी हक और न्याय की लड़ाई मजबूती से लड़ेगी। बरहज सीट से पवन तिवारी के नाम की घोषणा के बाद कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने खुशी जताई है।

पथरदेवा में विकास कार्य चहुंओर-शाही

पथरदेवा(देवरिया)-विधानसभा क्षेत्र पथरदेवा के भाजपा विधायक सूर्य प्रताप शाही



प्रदेश के योगी सरकार में लगातार दो बार वरिष्ठ कृषि मंत्री है। शाही ने कहा कि मेरे द्वारा विधानसभा क्षेत्र पथरदेवा में कराये गये विकास कार्य मेरे राजनीतिक प्रतिद्वन्दी के लिए आगामी चुनाव को देखते हुए चुनौती है। उन्होंने कहा कि मेरे राजनीतिक प्रतिद्वन्दी का कहना है कि विधानसभा क्षेत्र पथरदेवा में विकास नही हुआ है साथ ही भाजपा सरकार में महंगाई चरम सीमा पर है। प्रदेश कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि जहां तक विकास की बात है तो प्रतिद्वंदी विधानसभा क्षेत्र पथरदेवा के अन्तर्गत भ्रमण करे और विकास कार्यो को देखे। जैसे पथरदेवा, तरकुलवा ,हेतिमपुर, बैतालपुर को नगर पंचायत का दर्जा दिलाकर सरकार के मंशा मुताबिक नगर पंचायत में जो विकास चाहिए सभी तरह के विकास प्रदेश के योगी सरकार में हुआ है। प्रदेश कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि विकास के बदौलत विकास खण्ड पथरदेवा में लगातार दो बार ब्लाक प्रमुख सुब्रत शाही है। विकास के बदौलत तरकुलवा में भाजपा के ब्लाक प्रमुख रामाशीष गुप्ता है। देसही एवं बैतालपुर में भाजपा के ही ब्लाक प्रमुख है। उन्होंने कहा कि सभी नगर पंचायतों में लगभग पचास के आसपास सभासद है जिनके प्रस्ताव से सभी वार्डो में सड़क,नाली एवं अन्य विकास कार्य हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में बिजली अठारह घण्टा मिल रही है और किसानों के फसल के पैदवार को दोगुना करने के लिए समय पर खाद,बीज, नहर में पानी उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने अन्त में कहा कि किसानों के फसल को उचित मूल्य पर क्रय के माध्यम से लिया जाता है और उन्हें भुगतान समय पर दिया जाता है। गन्ना किसानों को समय पर भुगतान मिल रही है कुल मिला जुलाकर योगी सरकार में विकास ही विकास पूरे प्रदेश में दिख रहा है। शाही ने विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि सपा सरकार में किसान आत्महत्या करने के लिए विवश थे।

मां भगड़ा भवानी मंदिर में कन्या पूजन एवं भव्य भंडारा कल

मझौली राज/सलेमपुर (देवरिया)। माँ भगड़ा भवानी मंदिर प्रांगण, मझौली राज में आगामी 25 अक्टूबर 2026, रविवार को कन्या पूजन एवं भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सायं सात बजे से आयोजित होगा। आयोजकों ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों से कार्यक्रम में शामिल होकर माँ भगड़ा भवानी का आशीर्वाद प्राप्त करने तथा प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है। कार्यक्रम के आयोजक संतोष कुमार राय, नितेश कुमार, संजय कुशवाहा, के.के. सिंह एवं धीरेंद्र सिंह उर्फ बबलू सिंह हैं। कार्यक्रम के निवेदक विनोद कुमार मिश्रा हैं। मंदिर के पुजारी पं. परमहंस पाण्डेय के सानिध्य में धार्मिक आयोजन संपन्न होगा। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर कन्या पूजन एवं भंडारे में सहभागिता करने का आग्रह किया है।

पी.डी.ए.के सिद्धान्त पर प्रदेश में अगली सरकार अखिलेश यादव की बनेगी-परवेज आलम

पथरदेवा(देवरिया)-विधानसभा क्षेत्र पथरदेवा के पूर्व प्रत्याशी एवं सपा के वरिष्ठ नेता परवेज आलम ने कहा कि पी.डी.ए.के सिद्धान्त पर प्रदेश में आगामी सरकार पूर्ण बहुमत के साथ अखिलेश यादव का बनेगी।

सपा नेता परवेज आलम विधानसभा क्षेत्र पथरदेवा के दौरा करने के दौरान पथरदेवा बाजार में भेंट के दौरान उपरोक्त बाते कही। उन्होंने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का फरमान जारी हुआ कि सपा नेता अपने विधानसभा क्षेत्र में पी.डी.ए.फार्मूला को लागू करते हुए सपा के नीतियों को जन-जन तक पहुंचाये और आगामी 2027 विधानसभा चुनाव में प्रदेश में पूर्ण बहुमत के साथ अखिलेश यादव की सरकार बनाये। परवेज आलम ने कहा कि प्रदेश में जब भी सपा की सरकार बनती है तो सभी धर्म के लोगों के विकास के लिए योजनाओं को लागू किया जाता है और जरूरतमन्द योजनाओं का लाभ लेकर खुशहाल रहते है। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में किसानों के विकास के लिए योजनाओं को लागू किया जाता है और शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार दी जाती है। एक प्रश्न के जवाब में परवेज आलम ने कहा कि प्रदेश के भाजपा सरकार में महंगाई चरम सीमा पर है जनता ऊब चुकी है और महंगाई का बदला प्रदेश की जनता प्रदेश में पूर्ण बहुमत के साथ सपा की सरकार बनाकर लेगी।



आज प्राकट्योत्सव पर सजेगी भजन संध्या

रामकोला (कुशीनगर)। रामकोला धाम स्थित श्री स्वामी अवधूत परमहंस भगवानानन्द जी महाराज आश्रम धार्मिक न्यास, सनातन विश्व दर्शन मंदिर में श्रीश्री 1008 परमहंस परमानन्द जी महाराज के प्राकट्योत्सव पर आज, 24 अक्टूबर को विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। कार्यक्रम में भोजपुरी फिल्मों के अभिनेता, सांसद और सुप्रसिद्ध गायक मनोज तिवारी 'मृदुल' शिरकत करेंगे।आयोजकों के अनुसार, कार्यक्रम में सत्संग एवं प्रवचन के साथ अंतरराज्यीय और अंतर्जनपदीय कुश्ती दंगल का आयोजन भी होगा। श्रद्धालुओं के लिए भंडारे और प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है।प्राकट्योत्सव का मुख्य आकर्षण सांसद मनोज तिवारी 'मृदुल' की भजन संध्या होगी। उनके आगमन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए तैयारियां की गई हैं।आश्रम के व्यवस्थापक एवं संरक्षक रंगनाथ बाबा ने श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

- मनोज तिवारी 'मृदुल' करेंगे शिरकत, सत्संग-प्रवचन का भी आयोजन

शिक्षकों ने अपने पसंदीदा प्रत्याशियों के पक्ष में किया मतदान

सलेमपुर (देवरिया)। विधान परिषद निर्वाचन के गोरखपुर-फैजाबाद परिक्षेत्र के चुनाव के तहत शुक्रवार को यहां विकासखंड कार्यालय में मतदान हुआ। मतदान को लेकर विभिन्न प्रत्याशियों के समर्थकों में उत्साह देखने को मिला। भाजपा प्रत्याशी ध्रुव कुमार त्रिपाठी, सपा प्रत्याशी संजयन त्रिपाठी तथा वित्तविहीन शिक्षक संघ के अजय सिंह और राजीव मिश्रा और अभिनीत उपाध्याय सहित अन्य शिक्षकों ने अपने-अपने पसंदीदा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान किया। मतदान के बाद समर्थक अपने प्रत्याशियों की जीत को लेकर आश्वस्त नजर आए। यादव सहित अन्य प्रत्याशियों के समर्थकों ने अपने-अपने कैंप कार्यालय स्थापित किए थे। मतदान करने पहुंचे अभिषेक उपाध्याय, मनोज कुमार कुशवाहा, मुरली भाजपा के कैंप कार्यालय पूर्व सांसद रविंद्र कुशवाहा, राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अशोक पाण्डेय, महामंत्री रामजी सिंह, भाजपा नेता बृजेश उपाध्याय, रविंदर श्रीवास्तव, उमाकांत मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमरेन्द्र सिंह, अजय कुमार गौतम, विनय पाण्डेय, पुनीत यादव, अमर दत्त यादव सहित कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सपा कैंप कार्यालय पर सांसद रमाशंकर विद्यार्थी, भीम सिंह, पूर्व विधायक स्वामीनाथ यादव, कामरेड सतीश चंद, अंकित श्रीवास्तव, मुन्ना यादव, मेराज, पवन यादव, ओपी यादव, रंजना भारती, मालवीय प्रसाद निर्मल, मनबोध प्रसाद, प्रमोद गौतम, डॉ. सत्येंद्र यादव, मंजूर आलम, प्रेम चंद यादव, विधानसभा अध्यक्ष हरेराम यादव, आलोक यादव, पवन यादव और बाबू खान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

